आकाशवाणी केन्द्र शिमला

25.05.2026 / 09:20बजे

मुख्य समाचार

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू आज राष्ट्रपति भवन में 66 विशिष्ट लोगों को वर्ष 2026 के पदम पुरस्कार करेंगी प्रदान।
- प्रदेश में पंचायत चुनाव के पहले चरण के लिए कल डाले जाएंगे वोट–सुबह 7 से सांय 3 बजे तक होगा मतदान।
- पंचायत चुनाव के लिए राज्य निर्वाचन आयोग की सभी तैयारियां पूरी–मतदान केंद्रों में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम।
- राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली को जोड़ने वाली प्रदेश की सबसे लंबे रूट वाली एचआरटीसी की दिल्ली–केलंग–लेह बस सेवा कल से फिर होगी शुरू।
- मौसम विभाग के अनुसार अगले 3 दिनों में अधिकतम तापमान में बढ़ौतरी के आसार–कुछ जिलों में लू चलने की संभावना।

राष्ट्रपति पदम पुरस्कार

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु आज राष्ट्रपति भवन में 66 विशिष्ट लोगों को वर्ष 2026 के पद्म पुरस्कार प्रदान करेंगी। समारोह में उप राष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह भी उपस्थित रहेंगे। आज दो पद्म विभूषण, छह पद्म भूषण और 58 पद्मश्री अलंकरण दिए जायेंगे। राष्ट्रपति ने वर्ष 2026 के लिए 131 पद्म पुरस्कारों की स्वीकृति दी है। इनमें पांच पद्म विभूषण, 13 पद्म भूषण और 113 पद्मश्री अलंकरण हैं। शेष पद्म पुरस्कार बाद में समारोह के दूसरे दौर में दिए जायेंगे। हर वर्ष गणतंत्र दिवस पर पद्म पुरस्कारों की घोषणा होती है। यह प्रतिष्ठित नागरिक सम्मा्न कला, जनहित और समाज सेवा, साहित्य और शिक्षा, विज्ञान और अभियांत्रिकी, व्यापार और उद्योग, औषधि, खेल इत्यादि क्षेत्रों में विशिष्ट उपलब्धियों के लिये दिया जाता है।

पंचायत चुनाव

प्रदेश में कल 26 मई होने वाले पहले चरण के पंचायत चुनाव के लिए राज्य निर्वाचन आयोग ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। मतदान सुबह 7 बजे से सांय 3 बजे तक मत पत्र व मत पेटियों के माध्यम से करवाया जाएगा। शांतिपूर्ण व निष्पक्ष मतदान के लिए सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए गए हैं।

प्रदेश में कल पहले चरण में 1 हजार 2 सौ 93 ग्राम पंचायतों में प्रथम चरण का मतदान होगा। मतदान के सुचारू संचालन के लिए कुल 8 हजार 198 मतदान दल गठित किए गए हैं। दूसरे चरण में 28 जबकि तीसरे व अंतिम चरण में 30 मई को मतदान होना है। राज्य निर्वाचन आयोग के अनुसार इन चुनावों के प्रदेश भर में कुल 21 हजार 6 सौ 78 मतदान केंद्र स्थापित किए गए हैं। पहले चरण के चुनाव के लिए सभी मतदान दल अपने–अपने केंद्रों में पहुंच चुके हैं। तीन चरणों में होने जा रहे प्रदेश में कुल 3 हजार 7 सौ 54 ग्राम पंचायतों के लिए तीन चरणों में चुनाव हो रहे हैं। राज्य निर्वाचन आयोग के अनुसार कुल 31 हजार 182 पदों के लिए हो रहे चुनाव में 70 हजार 2 सौ 24 उम्मीदवार चुनावी रण में हैं।

सिरमौर चुनाव

इधर पंचायत राज चुनाव के पहले चरण में जिला सिरमौर में 94 पंचायतों में मतदान होगा जिसको लेकर सभी तैयारियां पूरी की जा चुकी हैं।

*सिरमौर में पहले चरण में 26 मई को 94 पंचायतों में मतदान होगा मतदान को लेकर सभी तैयारियां पूरी की जा चुकी है और पोलिंग पार्टियों को मतदान केंद्रों के लिए रवाना किया जा चुका है। इन पंचायतों में विकास खंड नाहन की 10 , विकास खंड राजगढ़ की 12, विकास खंड ददाहु की 09, विकास खंड संगड़ाह की 13, विकास खंड षिलाई की 13, विकास खंड पांवटासाहिब की 17 , विकास खंड पच्छाद की 11 और विकास खंड कमरऊ स्थित तिलोरधार की 09 पंचायतें शामिल है। प्रशासन द्वारा मतदान प्रक्रिया को शांतिपूर्ण और निष्पक्ष तरीके से सम्पन्न करवाने के लिए व्यापक इंतजाम किए गए हैं।पंचायती राज चुनाव के दौरान सिरमौर जिला में करीब 500 पुलिस और होमगार्ड के जवान सुरक्षा का जिम्मा संभालेंगे।*

निर्वाचन आयोग

इस बीच राज्य निर्वाचन आयोग ने सभी मतदाताओं से स्वतंत्र और निर्भीक होकर अपने मताधिकार का प्रयोग करने व किसी भी प्रकार के प्रलोभन से दूर रहने की अपील की है। आयोग ने ये भी स्पष्ट किया है कि केवल वही मतदाता मतदान केंद्र में प्रवेश कर सकेंगे जिनका नाम उस मतदान केंद्र की मतदाता सूची में शामिल होगा।

कांगड़ा चुनाव सुरक्षा

कांगड़ा जिले में पंचायत चुनाव के पहले चरण में होने वाले मतदान के लिए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। पुलिस अधीक्षक अशोक रत्न ने बताया कि सभी 8 सौ 95 पोलिंग बूथों पर बेहतर सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। उन्होंने कहा कि मतदान केंद्रों में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया है। अशोक रत्न ने बताया कि चुनाव के दौरान किसी भी आपात

स्थिति या कानून व्यवस्था से जुड़ी घटना से तुरंत निपटने के लिए पुलिस प्रशासन ने अलग–अलग स्तर पर विशेष टीमें गठित की हैं। उन्होंने कहा कि चुनाव प्रक्रिया को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न करवाना पुलिस प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है ताकि मतदाता बिना किसी डर या दबाव के अपने मताधिकार का प्रयोग कर सके।

बस सेवा

प्रदेश को राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली से जोड़ने वाली सबसे लंबे रूट पर हिमाचल पथ परिवहन निगम की दिल्ली–केलंग–लेह बस सेवा कल से एक बार फिर शुरू हो रही है। क्षेत्रीय प्रबंधक केलंग अंशित शर्मा ने कहा कि केलंग लेह मार्ग को सभी प्रकार के वाहनों के लिए खोल दिए जाने के बाद ये बस सेवा पुनः आरंभ की गई है। अधिक ब्यौरे के साथ हमारे लाहौल स्पीति संवाददाता

हेपेटाइटिस

शिमला जिला में पिछले कुछ दिनों से बच्चों में वायरल हेपेटाइटिस के मामलों में बढ़ोत्तरी दर्ज की गई है। इस महीने में अब तक दीनदयाल उपाध्याय अस्पताल में 11 बच्चों को हेपेटाइटिस के लक्षणों के चलते भर्ती करना पड़ा है जिनमें 7 बच्चे हेपेटाइटिस–ए से संक्रमित पाए गए हैं। ऐसे में स्वास्थ्य विभाग ने निगरानी बढ़ा दी है।

मौसम

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकतर भागों में आज मौसम साफ बना हुआ है। मौसम विभाग के अनुसार आगामी तीन दिनों में अधिकतम तापमान में करीब 3 डिग्री सेल्सियस तक की बढ़ोत्तरी हो सकती है। बीते 24 घंटों के दौरान ऊना 41 दशमलव 4 डिग्री सेल्सियस के साथ प्रदेश का सबसे गर्म स्थान रहा। विभाग ने 26 से 28 मई के बीच ऊना, बिलासपुर, सोलन व कांगड़ा जिला के कुछ स्थानों में लू चलने का अनुमान जताया है। हालांकि विभाग ने 27 मई से प्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने के चलते मध्यम व ऊंचाई वाले क्षेत्रों में 30 मई तक अंधड़, बारिश और गर्जना की संभावना जताई है।

अब एक नज़र अखबारों की सुर्खियों पर.....

आज लगभग सभी समाचार पत्रों ने पंचायत चुनाव से जुड़ी खबर को प्रमुखता दी है। अमर उजाला की सुर्खी है हिमाचल की 1 हजार 2 सौ 93 पंचायतों में थमा प्रचार, पोलिंग दल रवाना, वोटिंग कल। दैनिक भास्कर ने लिखा है कल 1 हजार 2 सौ 93 पंचायतों में होगी पहले चरण की वोटिंग, प्रधान–उपप्रधान और वार्ड मैंबर के रिजल्ट शाम को। दिव्य हिमाचल के शब्द हैं पंचायती राज चुनावों में मतगणना पर सख्ती, रिकाउंटिंग के लिए सिर्फ 10 मिनट का समय–लिखित आवेदन करना अनिवार्य।

चिनाब–ब्यास लिंक टनल परियोजना को केंद्र की मंजूरी, खुल सकते हैं आत्मनिर्भर हिमाचल के द्वार पंजाब केसरी की एक खबर है।

मौसम की खबर को अमर उजाला ने शीर्षक दिया है तीन दिन तपेगा हिमाचल, ऊना का पारा 41 डिग्री पार।

ओवरटेक करने पर पीटा एचआरटीसी बस चालक, पति–पत्नी सहित चार गिरफतार दैनिक जागरण की एक खबर है।

''अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर''

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू आज राष्ट्रपति भवन में 66 विशिष्ट लोगों को वर्ष 2026 के पदम पुरस्कार करेंगी प्रदान।
- प्रदेश में पंचायत चुनाव के पहले चरण के लिए कल डाले जाएंगे वोट–सुबह 7 से सांय 3 बजे तक होगा मतदान।
- पंचायत चुनाव के लिए राज्य निर्वाचन आयोग की सभी तैयारियां पूरी–मतदान केंद्रों में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम।
- राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली को जोड़ने वाली प्रदेश की सबसे लंबे रूट वाली एचआरटीसी की दिल्ली–केलंग–लेह बस सेवा कल से फिर होगी शुरू।
- मौसम विभाग के अनुसार अगले 3 दिनों में अधिकतम तापमान में बढ़ौतरी के आसार–कुछ जिलों में लू चलने की संभावना।